Department of
Education

GOVERNMENT OF
WESTERN AUSTRALIA

करियर से जुड़ी बातचीत

माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

कई युवा लोगों के लिए, सही करियर मार्गपथ का चयन करने के लिए बहुत सोच-विचार और खोजबीन करना आवश्यक होता है।

शिक्षा और करियर से जुड़ी आकांक्षाओं को अक्सर इस बात से आकार मिलता है कि युवा लोग यह किस प्रकार से सोचते हैं कि वे दूसरों के साथ कैसे फिट होंगे, और साथ ही उनके माता-पिता, देखभालकर्ताओं, शिक्षकों और साथियों की अपेक्षाओं से भी इसे आकार मिलता है।

युवा लोगों के करियर के निर्णयों के प्रमुख प्रभावकों के रूप में, माता-पिता, देखभालकर्ताओं और शिक्षकों को सेकेंडरी स्कूल से बहुत पहले करियर से जुड़ी बातचीत शुरू करने की आवश्यकता होती है।

अनुसंधान दर्शाता है कि संभावित करियर विकल्पों के लैंगिक पक्षपात छह साल की छोटी आयु के बच्चों में स्पष्ट हो जाते हैं। ऐसी लैंगिक रूढ़िवादिता का एक उदाहरण यह धारणा है कि कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में लड़कों की तुलना में लड़कियों की रूचि कम होती है।

बहुत से युवाओं के पास व्यापक प्रकार के सफल पेशेवरों और व्यवसायियों से मिलने का अवसर नहीं होता है और उन्हें काम की दुनिया से विभिन्न प्रकार के रोल मॉडलों के साथ जुड़ने के अवसरों की आवश्यकता होती है।

इसलिए क्या हमें करियर के संबंध में बातचीत करनी चाहिए?

माता-पिता अपने युवा व्यक्ति की आकांक्षाओं में रुचि दिखाकर उनके साथ करियर से जुड़ी बातचीत कर सकते हैं। इसपर विचार करें:

- अपने युवा व्यक्ति के साथ करियर से जुड़ी बातचीत करने का समय निकालें।
- उच्च आकांक्षाओं का समर्थन करें और ध्यान दें कि 'सपनों को चकनाचूर' न करें।
- बच्चों के शिक्षण को करियर मार्गपथों से जोड़ें।
- सटीक, अप-टु-डेट करियर मार्गपथ और श्रम बाज़ार से जुड़ी जानकारी प्रदान करें।
- युवा लोगों को उनके लिए उपलब्ध विकल्पों की संपूर्ण श्रेणी और मार्गों से जुड़ी जानकारी दें। एक बढ़िया शुरुआती स्थान myfuture वेबसाइट है।

CC BY
Exclusions may apply

करियर संबंधी इन बातचीतों से शुरुआत करने की कोशिश करें			
आपने कुछ ऐसा क्या हासिल किया है जिसपर आपको वाकई गर्व है?	कौन सी उपलब्धियों ने आपको सबसे अधिक संतुष्टि दी है?	आप अपने आपको पांच साल में क्या करते हुए देखते/ती हैं?	क्या आपने कोई ऐसी नौकरियाँ देखी या सुनी हैं जिनमें आपको रुचि है? आपको उनके बारे में क्या आकर्षक लगता है?
आपने अपनी पार्ट-टाइम नौकरी से क्या कुशलताएँ सीखी हैं?	यदि आपकी मनवांछित नौकरी घर से बहुत दूर हो, तो आप क्या करेंगे/गी?	यदि आपको कुछ सीखने का मौका मिले, तो वह क्या होगा?	आप संसार या समुदाय की कौन सी चुनौती का समाधान करना चाहते/ती हैं?

D23/0256774
फरवरी 2023